## खबर संक्षेप

### नाना ने दिलाई मरीजों को 2 लाख 15 हजार की सहायता

**सौंसर।** पूर्व राज्यमंत्री नाना मोहोड की पहल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा पांढुर्णा जिले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के इलाज के लिए 2 लाख 15 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना अंतर्गत राहुल डाबरे पांढुर्णा 25 हजार, पापेश्वर डुमने अंबाडी 35 हजार, साबीर खान मोहगांव 20 हजार, मधुसूदन गारवे सौसर 40 हजार, लता खुटपाले सौसर 45 हजार, गणपति मदनकर पांढुरना 25 हजार, गणेश पांढुर्णा 25 हजार का समावेश है। आर्थिक सहायता मिलने से गंभीर बीमारी से पीड़ित का प्राइवेट अस्पताल में इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर परिजनों ने मुख्यमंत्री,सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री नाना मोहोड़ का आभार व्यक्त किया है।

### रामाकोना में सिदोरी गोपाल काला का होगा आयोजन

**सौंसर।** संतों की नगरी, श्रीतीर्थ श्रेत्र व श्रीराम पथगमन मार्ग पर स्थित रामाकोना में संत श्री एकनाथ महाराज के नाम से प्रसिद्ध एकनाथ षष्ठी मेला में आध्यात्मिक आयोजन कन्हान नदी महोत्सव सिदोरी गोपाल काला गुरूवार को होंगा। आयोजन कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार इस उपलक्ष्य में रामाकोना से निकली कन्हान नदी परिक्रमा यात्रा कन्हान नदी किनारे बसे 31 गांवों का भ्रमण कर लौटी यात्रा का समापन होगा। श्रीतीर्थ श्रेत्र संत लीलामृत घाट कन्हान नदी समिति, ग्रामीण व हरिभक्तों के आयोजन में दोपहर 11 बजे से सिदोरी गोपाल काला कीर्तन होगा। कीर्तन पश्चात कन्हान नदी की आरती और महाप्रसाद वितरण होगा। विषेषतः यह कि नदी में होने वाला महाप्रसाद वितरण घर-घर से इकट्ठा की गई माधुकरी यानी भोजन से होती है। इस आयोजन में शामिल होने वाले संत, भक्त, श्रद्धालु एवं ग्रामीण महाप्रसाद के लिए अपने साथ यथाशक्ति भोजन लेकर आते है। यही इकट्ठा किया गया भोजन महाप्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। सिदोरी गोपाल काला कीर्तन परंपरा नुसार महाराष्ट्र चालिसगांव के हरिभक्त परायण कृष्णाजी वाघलीकर महाराज करेंगे।

### विभाग के अधिकारी कंसलटेंसी ठेकेदार की जुगलबंदी का नतीजा है घटिया निर्माण

# भ्रष्टाचार की नींव पर खड़े करोड़ों के कॉलेज भवन निर्माण में आने लगी दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण यहां पर आदिवासियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा अनेको योजनाएं के माध्यम से विकास एवं शिक्षा स्वास्थ्य संबंधी योजनाएं लागू है। लेकिन इन योजनाओं में विभाग के अधिकारी आदिवासियों के नाम पर योजनाओं में जमकर लूटपाट करते चले आ रहे हैं। इनमें अब ठेकेदारों की भी आमद हो चुकी है जो सीधे ना लूट कर निर्माण कार्य के नाम पर घटिया निर्माण कार्य कर भ्रष्टाचार के माध्यम से उनके लिए आई योजनाओं में मनमाने तरीके से अवैध कमाई कर रहे हैं।

ऐसा ही गंभीर मामला तामिया के आदिवासी छात्र-छात्राओं के लिए शासकीय महाविद्यालय भवन निर्माण पीआईयू विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से निर्माण करवाया गया है। इस कॉलेज भवन निर्माण की सबसे खास बात यह है कि बनने वाले भवन की लागत निर्माण एजेंसी एवं इसके पूर्ण होने संबंधी कोई भी कार्य से संबंधित जानकारी देने वाला बोर्ड रंग रोगन होने के बाद भी नहीं लगाया गया है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता कि इस भवन निर्माण में भ्रष्टाचार एवं अघोषित ठेकेदारी में विभाग के तकनीकी अधिकारी बराबर के हिस्सेदार जरूर होंगे। नहीं तो शासन की योजना एवं ठेका अनुबंध के अनुसार योजना का प्रचार प्रसार करने वाला बोर्ड लगाना था, लेकिन नहीं लगा जो ठेकेदार एवं विभाग के अधिकारियों की मिली भगत साफ प्रतीत करता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस भवन निर्माण में तकनीकी मार्गदर्शन देने वाली कंसलटेंसी एवं तकनीकी मार्गदर्शन देने वाले विभाग के उपयंत्री एवं एसडीओ ठेकेदार के पक्ष में अंजान बने बैठे हुए हैं, जिसका नतीजा यह हुआ कि ईस भवन निर्माण में तकनीकी खामियों के साथ-साथ मापदंड के विपरीत निर्माण कराया गया, जिसका परिणाम यह हुआ कि भवन पूर्ण होने के पहले ही इस करोड़ों की लागत से बनने वाले भवन की दीवारों में दरारे अभी से आने लगी है, जबकि कार्य पूर्ण नहीं हुआ है तो समझा जा सकता है कि इस महाविद्यालय भवन निर्माण में गुणवत्ता का किस स्तर से ध्यान रखा गया है। इस तरह भ्रष्टाचार की नीव पर खड़े करोड़ो के निर्माण में इस निर्माण की गुणवत्ता एवं ठेकेदार कंसलटेंसी विभाग के तकनीकी अधिकारी की जुगलबंदी साफ बयां कर रही है। यदि इसमें कंसलटेंसी ने कब तक तकनीकी मार्गदर्शन दिया निर्माण ठेकेदार का निजी इंजीनियर कौन है। पी आईयू के अधिकारियों ने कब-कब तकनीकी मार्गदर्शन दिया।

ठेकेदार ने प्रयोगशाला में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता के लिए क्यूब टेस्ट रिपोर्ट के लिए निर्माण स्थल पर प्रयोगशाला एवं प्रयोगशाला में गुणवत्ता के जांच करने वाले यंत्र कब लगाये और कब जांच हुई इनकी यदि जांच होगी तो इस कॉलेज भवन निर्माण के ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड किया जाएगा। विभाग के अधिकारियों को भ्रष्टाचार की नीव पर खड़े इस महाविद्यालय निर्माण में दोषी पाए जाने पर उनके विरुद्ध विभागीय जांच होना चाहिए इसी संबंध में तामिया के युवक ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदार रसूखदार हैं। इस कारण सीएम हेल्पलाइन में भी अधिकारी टाला मटोली जांच करने की वजाय कर रहे हैं।

इस भ्रष्टाचार की नींव पर खड़े निर्माणाधीन कॉलेज भवन की हर तकनीकी पहलू की जांच होनी चाहिए जिससे आदिवासी छात्र-छात्राओं के लिए बनाए गए इस कॉलेज में किए गए घटिया निर्माण के कारण आई दरारों से पर्दा उठ सके और दोषी लोगों पर करवाई तय हो।

जब पीआईयू के उप यंत्री सुनील श्रीवास्तव से इस कॉलेज भवन में आई दरारों के संबंध में चर्चा की गई थी तो उन्होंने अचरज भरा बयान देते हुए बतलाया की भवन में यदि दरारें आई हैं तो उसमें मुर्गा जाली लगाकर दरारों को ठीक करेंगे।

# विशाला में गबन जांच के लिए दल गठित

## जिला कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर सहित विदर्भ के भगवान शंकर के लाखों भक्तों के श्रद्धा एवं आस्था का केंद्र पहली पायरी में बीते वित्तीय वर्ष में किए गए कथित तौर पर 16 लाख के गबन का मामला सामने आने के बाद प्रशासन के द्वारा सख्त रुख अपनाया गया. नगर के बुद्धिजीवियों की शिकायत सहित मीडिया में इस गबन की खबर प्रशासन के बाद जिला प्रशासन के द्वारा रुख अख्तियार करते हुए स्थानीय एसडीएम महोदया को जांच दल गठित करने के निर्देश दिए गए थे।

स्थानीय एसडीएम के द्वारा गठित जांच दल के द्वारा बीते दिनों जुन्नारदेव विशाला ग्राम पंचायत के पहली पायरी में भ्रमण किया गया। यहां पर किसी भी प्रकार के समुदायिक भवन के निर्माण होने की पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई, जबकि बताया जा रहा है कि यहां पर पंचायत के सरपंच और सचिव के द्वारा जांच दल को गुमराह किया गया है। यहां पर अन्य एक बड़े प्रकल्प को पंचायत के द्वारा स्वयं का बताया जाना जांच दल को नागवार गुजारा है।

पता चला है कि विशाला के उस निर्माणधीन स्ट्रक्चर को देखकर जांच दल में कई सवाल पंचायत सचिव और सरपंच पर ठोक डालें, जिसको लेकर पंचायत कर्मी बग़ले झांकने लगे थे। अब देखना है की जांच दल के इस प्रतिवेदन के बाद प्रशासन के द्वारा और क्या कार्रवाई की जाती है। हालांकि दूसरी ओर शिकायतकर्ताओं के द्वारा इस मामले पर लगातार नजर बनाई हुई है और वह जल्द ही ग्रामीण पंचायत एवं विकास मंत्रालय के मंत्री एवं मुख्य सचिव से प्रत्यक्ष भेंट कर धर्म स्थल में गबन के अधर्म करने वालों पर कार्रवाई कर उनके विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करने की मांग रख रहे हैं। अभी इस संदर्भ में शिकायतकर्ताओं के द्वारा जांच दल की रिपोर्ट का आकलन करने के बाद निश्चित रूप से श्रद्धा और आस्था के इस केंद्र में गबन का दुष्कृत्य करने वाले इन संबंधित कर्मचारियों व अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध लंबी लड़ाई छेड़ जाने की बात कही गई है।

### शिकायतकर्ताओं ने उच्चस्तरीय जांच की रखी मांग

जांच दल के द्वारा इस सामुदायिक भवन के गठित गबन के मामले पर जांच प्रतिवेदन सौंप दिए जाने के बाद अब शिकायतकर्ताओं के द्वारा इस मामले में उनके प्रति आभार देते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से निष्पक्ष जांच की मांग की गई है. इस संदर्भ में प्रदेश के मुख्यमंत्री, ग्रामीण एवं पंचायत विकास मंत्री, संभागीय कमिश्नर, प्रदेश के मुख्य सचिव एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के मुख्य सचिव को इस गबन के मामले से जल्द ही अवगत कराया जाएगा। उसे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच हेतु लोकायुक्त एवं ई ओ डब्लू को भी पत्र प्रेषित किया जा रहा है।

### अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त




**जुन्नारदेव :** नगर सहित आसपास के क्षेत्र में विगत वर्षों से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन दस्तूर जारी है।जिस पर राजस्व विभाग पुलिस विभाग और खनिज विभाग समय-समय पर घर पकड़ कार्रवाई करता है। उसके बाद भी रेत माफिया अपने अवैध कारोबार करने से बाज नहीं आ रहे हैं। आए दिन क्षेत्र की नदियों से बड़ी मात्रा में अवैध रेत का उत्खनन कर महंगे दमों में रेत बेचा जा रहा है। इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए एसडीएम जुन्नारदेव के निर्देश पर नायब तहसीलदार नवेगांव मोहित बोरकर, वाहन चालक सोनू पटेल एवं कोटवार के संयुक्त दल द्वारा ग्राम भाखरा तहसील दमुआ में 1 ट्रैक्टर से भरी ट्रॉली रेत जब्त की गई।ट्रैक्टर विवेक राजपूत निवासी दमुआ का है। प्रातः 6 बजे ट्रैक्टर कट्टा नदी से रेत भर कर दमुआ की ओर ले जा रहा था ।जुन्नारदेव क्षेत्र में रेत माफिया एक्टिव हो गए है।जिन पर लगाम लगाने के लिए राजस्व प्रशासन द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा है।एसडीएम कामिनी ठाकुर के निर्देशन पर यह कार्यवाही की गई है।सभी रेत माफियाओं को चेतावनी दी गई कि रेत संबंधित अवैध कार्य करने वालो पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# रंगपंचमी में डूबा शहर, उड़ा गुलाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहर के पोलाग्राउंड में बुधवार को रंगपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पोला ग्राउंड में रंगपंचमी पर बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और एक दूसरे को रंग लगाया। युवाओं ने मशीनों द्वारा रंग बिरंगे रंग एवं गुलाल की वर्षा की। वहीं आज लोगों में रंगपंचमी का उत्साह देखकर ही बनता था। रंगपंचमी के त्यौहार पर पूरा शहर रंगों में डूब गया। युवाओं की टोलियों ने जमकर गुलाल उड़ाया। सांसद बंटी साहू ने सभी शहरवासियों को रंगपंचमी की बधाई दी।

## कमलनाथ फैंस ने कोसमी इलेवन को हराया



**परासिया :** कन्हान कोयला क्षेत्र के गुढ़ी अम्बाडा में महाकाल क्रिकेट कप का बुधवार को शुभारम्भ हुआ । शुभारंभ मैच में कमलनाथ फैन्स क्लब ने कोसमी इलेवन को 30 रन से पराजित किया । कमलनाथ फैन्स क्लब ने 85 रन बनाए । जबकि कोसमी इलेवन मात्र 55 रन ही बना पाई । प्रतियोगिता में नदीम खान को मेन ऑफ दा मैच का पुरुस्कार दिया गया । नदीम खान ने 3 ओवर में 8 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किये । मंच का संचालन प्रफुल्ल पवार एवं आभार ब्रजेश कैथवास ने किया ।प्रतियोगिता में मुख्य आथिति कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष कमल राय , ब्लाक समन्वयक बसन्त मालवी , युवा ब्लाक अध्यक्ष मुकुल दुबे , अशोक डेहरिया , राजा राय , मोहमद शकील रहे ।

### दस एकड़ गेहूं चढ़ा आग की भेंट, लाखों का नुकसान

**छिंदवाड़ा।** जुन्नारदेव क्षेत्र अंतर्गत नवेगांव से लगे ग्राम उमरघोड़खुर्द में एक किसान के दस एकड़ में लगा गेहू जलकर राख हो गया। इस घटना से किसान का लाखों रूपए का नुकसान हुआ है। दमकल की टीम मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खेत में बिजली के तारों से अचानक शार्ट सर्किट हुआ जिससे निकली चिंगारी ने देखते ही देखते खड़ी फसल को चपेट में ले लिया।

# हम छोटे से छोटे त्यौहार को धूमधाम से मनाते हैं: यादव

## रंगपंचमी पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने सिंगोड़ी स्थित जीवित समाधि में पहुंचकर टेका माथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने बुधवार को सिंगोड़ी स्थित कबीर पंथ की जीवित समाधि साहेब दरबार में माथा टेका और रंग पंचमी के अवसर पर आयोजित शोभा यात्रा में शामिल हुए। कबीर पंथ का यह साहेब दरबार साहेब सिंगोड़ी के नाम से प्रसिद्ध हैं। रंग पंचमी के अवसर पर पूरे देश भर से यहां कबीर पंथी अपनी मनोकामना लेकरइस जीवित समाधि दरबार के ऐतिहासिक मेले में आते हैं।

रंगपंचमी मेले में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव ने विधानसभा के पूर्व प्रभारी श्री उत्तम ठाकुर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री संजय पटेल वरिष्ठ भाजपा नेता श्री विजय पांडे, श्री अजय सक्सेना एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती गरिमा दामोदर के साथ जीवित समाधि स्थल पर पहुंचकर में दरबार में मत्था टेक हाजिरी लगाई और समाधि स्थल पर चादर चढ़ाकर पूजा अर्चना की साथ ही मेले में प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे भक्तों को भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव ने अपने हाथों से प्रसाद वितरित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव ने साहेब समिति सिंगोड़ी के सदस्यों से बातचीत कर स्थल की जानकारी प्राप्त की तब सदस्यों ने बताया कि होली के दिन से रंग पंचमी के दिन तक पंथ श्री हुजूर सुरुति सनेही नाम साहेब के जीवित समाधि स्थल मेन रोड कबीरवाड़ा प्रांगण में प्रतिदिन लोगो का हुजूम सुबह शाम महाआरती से लेकर चौका आरती के कार्यक्रम तक लगा रहता है। रंगपंचमी के अवसर पर लोगों द्वारा हर वर्ष की इसी तरह यहां पर अपनी मनोकामनाओ हेतु प्रसाद चढ़ा कर समाधि स्थल से अपनी मन्नते मांगते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव ने कहा कि हमारा देश त्यौहारों का देश है। हम छोटे से छोटे त्यौहार को भी बड़े धूमधाम से मनाते हैं फिर ये तो साहेब सिंगोड़ी की शक्ति का उत्सव है।



## जनपद उपाध्यक्ष ने कराया रोजा इफ्तार कौमी एकता की पेश की मिशाल

**परासिया ।** परासिया जनपद उपाध्यक्ष ने अपने निवास जाटाछापर में रोजा इफ्तार करवाया । जिसमें सभी धर्म और जाति के लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया । उपाध्यक्ष जमील खान क्षेत्र में कौमी एकता कायम रखने के लिए जाने जाते हैं ।उनकी इस इफ्तार पार्टी में रोजादारों के अलावा अन्य लोगों ने भी हिस्सा लिया ।जनपद उपाध्यक्ष सैय्यद जमील खान की निवास पर मंगलवार को रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया । इसमें एक तरफ जहां रोजा दारों के लिए रोजा खोलने की व्यवस्थाएं की गई , वहीं दूसरी तरफ अन्य सामाजिक बंधुओं , अन्य समुदाय के लोगों ने भी हिस्सा लिया । सभी ने अमन और शांति के लिए दुआएं की । गौरतलब है कि सैय्यद जमील खान लंबे अर्से से कौमी एकता की मिसाल पेश करते आए हैं । हर खास तीज त्योहारों पर इनके द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित कर सभी धर्मावलंबियों को शामिल किया जाता रहा है । दीपावली के समय काली पूजा उत्सव भी धूमधाम से मनाया जाता है । होली के मौके पर भी इनके द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया ।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह अप्रैल 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 मार्च 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर




कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

### साहेब के दरबार में भक्तों की लगी लंबी कतार, हजारों की तादाद में सड़कों पर शोभायात्रा में दिखे कबीर पंथ के अनुयायी

# सिंगोड़ी जीवित समाधि स्थल में उमड़ा आस्था का जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

जिला मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर दूरी में स्थित साहेब सिंगोड़ी जो कि साहेब सिंगोड़ी के नाम से प्रसिद्ध हैं संपूर्ण मध्य प्रदेश सहित पूरे भारतवर्ष में ग्राम सिंगोड़ी की रंगपंचमी अपने आप में एक प्रसिद्धि वया करती है जहां पर कबीर पंथ के हजारों अनुयायी अपनी मनोकामनाओं को पूर्ण करने हेतु इस जीवित समाधि स्थल दरबार पर प्रतिवर्ष रंग पंचमी के ऐतिहासिक मेले पर यंहा पहुंचते हैं। रंगपंचमी मेले में पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव और अमरवाड़ा विधानसभा पूर्व प्रभारी उत्तम ठाकुर ने पहुंचकर जीवित समाधि स्थल में हाजिरी लगाकर दरबार में मत्था टेका और समाधि स्थल पर चादर चढ़ाई एवं पूजा अर्चना की साहेब समिति सिंगोड़ी के सदस्यों ने बताया कि होली के दिन से रंग पंचमी के दिन तक पंथ श्री हुजूर सुरुति सनेही नाम साहेब के जीवित समाधि स्थल मेन रोड कबीरवाड़ा प्रांगण में प्रतिदिन लोगो का हुजूम सुबह शाम महाआरती से लेकर चौका आरती के कार्यक्रम तक लगा रहता है बुधवार को रंगपंचमी के इस पावन अवसर पर लोगों द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी छिंदवाड़ा जिला ही नही अपितु सम्पूर्ण मध्यप्रदेश सहित आसपास के बिभिन्न प्रदेशो से भी लोग इस धार्मिक स्थल पर अपनी मनोकामनाओ हेतु यंहा प्रसाद चढ़ा कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर इस पंचमी के मेले में पहुंच कर इस समाधि स्थल से अपनी हर जरूरतों की मांगों को पूर्ण करने हेतु मन्नते को मांगते हैं। मान्यता है कि जिन भी लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है वह प्रसाद स्वरूप यहां पर वजनभर गुड़ का प्रसाद सिरनी के रूप में चढ़ाते है साथ मे चिरोंजीदाना , नारियल सहित अन्य प्रसाद चढ़ाते है और अपनी मन्नतों को मांगते हैं आज इस रंगपंचमी के मेले में हजारों की तादाद में जिले सहित आसपास के बिभिन्न प्रदेशों से श्रद्धालु भक्तगण का सैलाब उमड़ पडा नगर के इस आयोजन में अन्य प्रदेश जैसे छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र बिहार राजस्थान कर्नाटक आंध्रप्रदेश सहित अन्य प्रदेशो से भक्तगण यंहा पहुँचकर मत्था टेक कर अपनी मनोकामनाओ को पूर्ण करते है इस अवसर पर इस मेले में छिंदवाड़ा से भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव ,भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रभारी उत्तम ठाकुर विजय पांडे सिंगोड़ी मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार योगेश यादव परसादी पटेल पवन राव सोनी सरपंच कपिल ठाकुर डॉ उमेश शर्मा बंटी परिहार रामनाथ साहू बंटी पांडे रमेश पहलवान अंकित जैन बद्री पटेल संजय सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि गण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहेपुलिस प्रशासन का रहा भरपूर सहयोगनगर में बुधवार को रंगपंचमी मेला सहित सम्पूर्ण कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से करवाने में अमरवाड़ा एसडीओपी थाना प्रभारी राजेंद्र धुर्वे सिंगोडी चौकी प्रभारी पंकज राय सहित समस्त पुलिस कर्मियो का विशेष योगदान रहा साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू हेतू भारी वाहनों को वायपास से डायवर्ट कर व्यवस्था को बनाया एवं पार्किंग व्यवस्था कर दोपहिया वाहनों कों पर्किंग पर खड़ा कराया गया।

#### पांच दिनों से चल रहा भंडारा का हुआ समापन

रंग पंचमी के ऐतिहासिक मेले को लेकर होली की एकम से रंगपंचमी तक पांच दिवसीय भंडारा जीवित समाधि स्थल पर प्रतिवर्ष कराया जाता है जिसका सत्रहवा वर्ष है जिसका आज रंग पंचमी मेले के अवसर पर एकम से लेकर पंचमी तक लगातार 5 दिनों तक भंडारे का समापन रंग पंचमी के दिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ समापन किया गया एवं सभी लोगों ने भंडारे के इस महाप्रसाद को ग्रहण कर साहेब दरबार से आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

## साधकों ने मनाई वैदिक रंग पंचमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सन्त श्री आशारामजी आश्रम लिंगा में साधकों ने 11 वर्ष बाद वैदिक रंग पंचमी मनाई । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि वैदिक होलिका दहन और वैदिक धुरेड़ी या रंग पंचमी का अपना महत्व है । पहले के काल मे यह सब केमिकल वाले रंग नही हुआ करते थे । शास्त्र अनुसार पलाश के फूलों का रंग तैयार किया जाता था । पलाश के फूलों के रंग लगाने से कार्लसर्प योग की पीड़ा दूर होती है। साथ ही वात , पित्त और कफ की बीमारियों से छुटकारा मिलता है । होलिका दहन के बाद ऋतु परिवर्तन होता है । ठंड ऋतु के बाद ग्रीष्म ऋतु आती है । इस समय बुखार के मरीजों की अधिकता रहती हैं । पलाश के रंगों से होली खेलने से शरीर का तापमान स्थिर रहता है यह वैज्ञानिक शोध है । होलिका दहन के बाद 15 दिनों तक बिना नमक या कम नमक का भोजन करने से पेट के रोगों में भी लाभ मिलता है । भगवान श्री कृष्ण भी द्वापर युग मे पलाश के फूलों के रंगों की होली खेला करते थे । 11 वर्ष बाद देश की न्यायव्यवस्था ने पूज्य बापूजी को उचित इलाज हेतु अंतरिम जमानत दी है । पहली बार न्याय पालिका का रुख सकारात्मक नजर आया । राजनीतिक दबाव या विदेशी षड़यंत्र को नजरअंदाज करते हुए राहत दी । जिसके लिए न्याय व्यवस्था साधुवाद की पात्र है । जिससे करोड़ों करोड़ों साधकों में उत्साह नजर आया है । यह सनातन संस्कृति के रक्षा के हित में है । लिंगा आश्रम के आसपास के हजारों साधकों ने आज वर्षो बाद रंग पंचमी जैसे परम्परागत पर्व को हर्षोल्लास से मनाया । समिति द्वारा सांसद विवेक ( बंटी ) साहू , पूर्व मंत्री मप्र चौधरी चंद्रभान सिह , जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिह , जिला पुलिसअधीक्षक अजय पांडे ,और जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों के संग वैदिक होली पूरे जिले में चर्चा का विषय रही । इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन , साध्वी प्रतिमा बहन , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , सुभाष इंगले , रामराव लोखंडे , अशोक कराडे , नारायण ताम्रकार , बबलू माहोरे , विलास घोंघे गोवर्धन मालवीय ,संजू कराडे , तिलक सिह पन्द्राम ,अशोक कराडे ,गुरुकुल के सोमनाथ पावर , ललिता घोगें , प्रीति सोनारे , विमल शेरके ,शकुंतला कराडे आदि ने सहयोग किया ।

## हनुमान मंदिर निर्माण का हुआ भूमिपूजन कार्यक्रम

**सौंसर।** लोधीखेड़ा में हनुमान मंदिर निर्माण कार्य का भूमि पूजन हाल ही में संपन्न हुआ है।भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहड प्रमुखता से उपस्थित थे। इस दौरान विधिवत पूजा अर्चना करते हुए भूमि पूजन किया गया,नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना जैसवाल,उपाध्यक्ष नंदू राय, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष लीलाधर बांगड़े,सभापति दिनेश रायकवार, होमदेव वंजारकर , श्रीमती पूजा बांगडे, श्रीमती सरिता टेटे,अनूप जैन, गंगाधरजी धुर्वे,सोमादास हेडाऊ, उदय पट्टे,मिलन उईके, राजू हेडाऊ, महेंद्र कोल्हटकर, रजनीश कोहड़े, लेखराम कोल्हटकर,सुरेश निमजे गणेश कौकड़े,अर्जुन नंदनवार बबन रायकवार उपस्थित थे



## चौरई प्रेस क्लब में धूमधाम से मनाई गई होली, जमकर उड़ा गुलाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चौरई प्रेस क्लब में बुधवार को गुलाल लगाकर सभी सदस्यों ने एक दूसरे को गले लगाया और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया और सभी ने एक दूसरे को होली की बधाई और शुभकामनाएं दीं । सुबह 10:30 बजे से ही सदस्यों ने होली के गीतों की धुन पर डांस भी किया । इस दौरान सभी ने गरमा गरम पकोड़े एवं लजीज भोजन और ठंडाई का आनंद उठाया ।प्रेस क्लब चौरई द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में पत्रकारों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। प्रेस क्लब द्वारा पारस लॉन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेस क्लब अध्यक्ष अजय सेन सचिव सन्दीप शर्मा,वरिष्ठ पत्रकार धीरज खंडेलवाल , मनोज साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार भुजेन्द्र शर्मा ने किया। होली मिलन समारोह में पत्रकार अनिल राय , अजित पाण्डे , सौरभ जैन,राजेन्द्र जंघेला,संक राम वर्मा, राजेश उइके, ओम विश्वकर्मा,अंकित महाजन,दीपक साहू व गजानन सोनी, हर्षित चौरसिया,राली चौरसिया प्रदीप पाण्डे, नीरज शर्मा ने कविता पाठ कर सभी को होली की शुभकामनाएं दी।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

## कलार समाज ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

प्रगतिशील कलार समाज भवन वारासिवनी में होली मिलन समारोह का आयोजन कलार समाज महिला समिति द्वारा किया गया। जिसमें होली के गीतों के साथ एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली पर्व मनाया गया। सभी महिलाओं ने फूलों की इको फ्रेंडली होली खेली।

कार्यक्रम का शुभारंभ सहस्त्रबाहु भगवान के जयकारे और पूजन करके प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात महिलाओं ने शानदार नृत्य व गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। समाज की महिलाओं के विभिन्न ग्रुप के खेल करवाये गए, इन खेलों में विजेता महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सभी महिला सदस्यों को एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। फूलों की होली के साथ कार्यक्रम बहुत ही सुंदर इको फ्रेंडली रहा। कार्यक्रम के अंत में स्वल्पाहार के बाद सभी ने होली की एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए बिदाई ली। इस मौके पर समाज अध्यक्ष श्रीमती श्रीति पालेवार ने कहा किसमाज को संगठित रहना चाहिए, एकता में शक्ति होती हैं, जिस तरह सात रंग मिलकर एक इंद्रधनुष बनता हैं, वैसे ही हमारा समाज सभी सदस्यों के एकजुट होने से बनता हैं।

### रबी की फसल के लिए उपयोग में आयेगा पानी

## भीमगढ़ बॉध से नहरों में छोड़ा गया पानी

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** बालाघाट जिला कृषि प्रधान जिला है, जहॉ पर किसान वर्ष में कम से कम दो बार खरीफ व रबी की फसल अपने खेतों में लगाते हैं। खरीफ की फसल के अवसर पर प्राकृतिक रुप से बरसात के समय वरुण देव की कृपा से किसानों को पानी मिल जाता हैं, लेकि रबी की फसल के समय उन्हें सिंचाई के लिए पानी की कमी होती हैं। जिसके लिए उन्हें नहरों के पानी व विद्युत पर निर्भर रहना पड़ता हैं।

इस वर्ष भी किसानों को रबी की फसल के लिए पानी और बिजली की समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं। जिसको लेकर वारासिवनी-खैरलॉजी क्षेत्र के कई ग्रामों के किसानों ने पहले सिंचाई व विद्युत विभाग से संपर्क किया, लेकिन वहॉ पर कोई सुनवाई नहीं होने पर उनके द्वारा पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्या से अवगत कराया गया।

किसानों की समस्या को सुनने के बाद पूर्व विधायक श्री जायसवाल ने सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री योगेश ठाकरे व वरिष्ठ अधिकारी श्री परते से किसानों की पानी की समस्या के संबंध में चर्चा की और ढूँढी बॉध से उन्हें रबी की फसल की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहरों के माध्यम से प्रदान करने के लिए कहा। जिसके बाद अधिकारियों ने ढूँढी बॉध से नहरों के माध्यम से पानी की व्यवस्था कर वारासिवनी क्षेत्र की मेंडक्की नहर के माध्यम से ऊॅचाई के हिस्सों में स्थित खेतों में भी पानी पहुॅचाने की व्यवस्था करने का प्रयास किया है। वहीं लालबर्रा व बरबसपुर से होकर बहने वाली नहर में भी पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा हैं। इसी तरह श्री जायसवाल द्वारा राजीव सागर परियोजना के अधिकारियों से भी सतत संपर्क बनाकर किसानों को पानी दिलवाने का प्रयास किया जा रहा हैं। किसानों ने श्री जायसवाल से मुलाकात के दौरान कुछ स्थानों पर सतत विद्युत आपूर्ति में खराब ट्रांसफार्मर की समस्या को भी उठाया था, जिस पर श्री जायसवाल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर उन्हें जहॉ पर ट्रांसफार्मर बदलने की आवश्यकता हैं, वहॉ पर उन्हें बदलने के लिए कहा।



## 208 कोबरा ने 86वां बल दिवस पर्व व सम्मान समारोह आयोजित किया गया

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** 19 मार्च 2025 को 208 कोबरा परिसर में 86वां के0 रि0 पु0 बल दिवस गर्व और सम्मान के साथ मनाया गया। जिसमें श्री शशि भूषण सिंह बिष्ट, कमांडेंट 208 कोबरा के साथ अन्य अधिकारियो ने शहीद स्मारक पर शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा श्री शशि भूषण सिंह बिष्ट, कमांडेंट 208 कोबरा को क्वार्टर गार्ड में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया जिसमें 207 कोबरा के श्री अमित कुमार वंदना, द्वितीय कमान अधिकारी, 208 कोबरा के श्री कपिल बेनीवाल डिप्टी कमांडेंट, श्री राजेंद्र सिंह भामू डिप्टी कमांडेंट, श्री अरविंद कुमार रघुवंशी डिप्टी कमांडेंट, श्रीमती स्नेहा भूषण कावले SMO, और 7वीं बटालियन के श्री रविंदर सिंह डिप्टी कमांडेंट, श्री अच्छेलाल यादव डिप्टी कमांडेंट एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर एक विशेष सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता श्री शशि भूषण सिंह बिष्ट, कमांडेंट 208 कोबरा ने की। जिसमें 208 कोबरा के सभी अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी और जवान मौजूद रहे। कमांडेंट महोदय ने सभी को संबोधित करते हुए के0 रि0 पु0 बल के इतिहास और कर्तव्यों के बारे में बताया एवं जवानों को के0 रि0 पु0 बल की कल्याणकारी योजनाओ के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही इस अवसर पर एक वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने बड़े जोश से भाग लिया तथा के0 रि0 पु0 बल दिवस को खास बनाने के लिए शाम में बड़ा खाना का आयोजन किया गया।



### घायल महिला को शासकीय अस्पताल में कराया गया भर्ती

## पानी निकासी के विवाद में हुआ खूनी संघर्ष, एक पक्ष ने महिला पर लोहे के सब्बल से किया प्राण घातक हमला

हरिभूमि न्यूज लांजी।

बाथरूम के पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने महिला के सिर पर लोहे के सब्बल से प्राण घातक हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल महिला को शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही पुलिस को मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंच कर विवेचना शुरू कर दी गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार लांजी थाना क्षेत्र के ग्राम बोरीखुर्द में राजाराम लिल्हारे अपने परिवार के साथ निवास करते हैं। वहीं उनके बगल में ही नंदलाल पिता प्रेमचंद लिल्हारे का परिवार निवास करता है। दोनों परिवार अपने-अपने घर की बाड़ी में अपने बाथरूम के निस्तार का पानी बहाया करते हैं। राजाराम के अनुसार उनका पड़ोसी नंदलाल वर्तमान में नाया बाथरूम बना रहा है। इसके लिए उन्होंने हमारे बाथरूम के पानी निकासी का रास्ता बंद कर दिया था। उनके बाथरूम से पानी निकासी बंद हो गई थी। बुधवार को जब वे पुनः निकासी की व्यवस्था बना रहे थे। तभी नंदलाल व उसके परिवार के लोग आए उनके साथ हाथापाई शुरू कर दी। बीच बचाव करने पहुंची उनकी बहु निशा पति युवराज लिल्हारे उम्र (30) वर्ष के सिर पर लोहे के सब्बल से प्राणघातक हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। वहीं उन्हें भी चोटें आई है। इस मामले की नामजद रिपोर्ट उन्होंने पुलिस थाना लांजी में लिखवाई। पुलिस ने पहले उपचार कराने इसके बाद मामले की विवेचना करने की बात कही है। निशा और उसके ससुर राजाराम का सरकारी अस्पताल में उपचार जारी है। वही जब दूसरे पक्ष से मामले के सम्बन्ध में जानकारी चाही गई तो उनके द्वारा कुछ भी कहने से इनकार कर दिया गया। वही पुलिस द्वारा भी मामले को रफा दफा करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि उक्त खूनी संघर्ष में महिला को सिर ओर शरीर के अन्य हिस्सों में गहरे घाव आए है जिसका उपचार सिविल अस्पताल में जारी है, वही ऐसे गंभीर मामले में भी पुलिस का पीड़ितों का बयान के आधार पर दूसरे पक्ष पर फिर दर्ज न करना ओर दूसरे पक्ष के साथ मिलकर मामले को दबाने का प्रयास करना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। वहीं पीड़ित पक्ष के द्वारा बताया गया कि दूसरा पक्ष, नंदलाल लिल्हारे पिता प्रेमचंद, भुनेश्वर लिल्हारे, छत्रपाल लिल्हारे, संदीप लिल्हारे, ढालेश्वर लिल्हारे, पुष्पा लिल्हारे, एवं अन्य परिवार के लोगों ने मिलकर लोहे की सब्बल से मारपीट की और हमें जान से मारने की भी धमकी दी। इतना गंभीर मामला होने के बाद भी दूसरा पक्ष पीड़ित पक्ष के पहले ही थाने में आकर अपनी जड़े जमा कर बैठ गए और लांजी पुलिस के द्वारा पीड़ित पक्ष की ओर से तुरंत एफआईआर नहीं लिखी गई।



### ग्रामीणों को मिला स्वास्थ्य लाभ, विभिन्न प्रकार की हुई निशुल्क जांच

## सिरपुर में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए विकासखंड कटंगी की ग्राम पंचायत सिरपुर के उप स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत कटंगी और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शिविर का आयोजन करवाया गया. मां सरस्वती का पूजन कर श्रीमती केसर बिसेन जिला पंचायत सदस्य (सभापति स्वास्थ्य महिला एवं बाल विकास), आशुतोष बिसेन, सिरपुर सरपंच प्रमोद कुमार, भजियापार सरपंच झनक सिंह ठाकरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, महेन्द्र सिंह चौहान, महेन्द्र बाहेश्वर, अशोक कारसर्पे, दिमागचंद टेम्भरे, चिकित्सक डॉ लक्ष्मी चौधरी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों ने शिविर की शुरुआत की. शिविर में सामान्य हेल्थ चेकअप, नेत्र परीक्षण, टीबी जांच, टीकाकरण परामर्श, एएनसी चेकअप, खून जांच, एचआईवी, सिफलिस परीक्षण, किशोर बालक-बालिकाओं को यौन संबंधी परामर्श, बीपी, शुगर की जांच की गई और दवाइयों का वितरण किया गया. इसके अलावा यहां पर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए लोगों ने अपना पंजीयन भी कराया. दोपहर 03 बजे तक चलते इस शिविर में करीब 100 से अधिक लोगों की जांच की गई. शिविर में चिकित्सकों ने मरीजों को निशुल्क उपचार और परामर्श प्रदान किया. शिविर में गांव के बच्चों से लेकर महिलाओं-पुरुषों और वृद्धजनों को लाभ मिला. यहाँ लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच, दवाएँ और स्वास्थ्य उपचार का लाभ मिला. यह शिविर बहुत सफल रहा और इसने लोगों को स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ सामान्य स्वास्थ्य सेवा के महत्व को समझने का मौका मिला।

शिविर को संबोधित करते हुए आशुतोष बिसेन ने कहा कि इस तरह के शिविर से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है. सरकार लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए कई तरह की योजनाएं चल रही है. जिसका लाभ सभी को लेना चाहिए. उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर से लोगों को अपने घर द्वार पर स्वास्थ्य लाभ मिल पा रहा है. जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन ने कहा कि शिविर से लोगों की बीमारियों की जांच की जाती है, जिससे उन्हें शुरुआती दौर में ही पता चल जाता है कि उन्हें कोई बीमारी है या नहीं. वह अपनी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित होते हैं. शिविर से स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ती है, जिससे लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर और अधिक सजग होते हैं. उन्होंने कहा कि जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम सिरपुर में यह आयोजन इसलिए हुआ है ताकि लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलें।



## वैश्य समाज की महिलाओं ने खेली होली



**वारासिवनी।** वैश्य समाज महिला तहसील और नगर इकाई द्वारा होली श्रीमती सविता सोनी के निवास स्थान पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई व शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में वैश्य समाज तहसील इकाई महिला अध्यक्ष अदिति रुसिया, जिला अध्यक्ष डॉ. भारती सुराना, नगर इकाई अध्यक्ष वर्षा सोनी, रीना कासल, डॉली जायसवाल, रेनू, सोनिया, डॉली, नीता, भावना जैन, दिव्या, मालती, दीपा, मोना, सपना, अंजली, वर्षा सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### घंसौर में करंट लगने से युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के कहानी गांव में बुधवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई। खेत में ट्रैक्टर पर वेल्डिंग का काम करते समय एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। ग्राम परासी निवासी सुदान सिंह (30) ट्रैक्टर में डोजर मशीन लगाने के लिए वेल्डिंग कर रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। उसका बायां हाथ गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घंसौर पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायल सुदान को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घंसौर थाना प्रभारी डोमन सिंह मरावी ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार किया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

### रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी तथा शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से दिनांक 20 मार्च 2025 को शासकीय आई.टी.आई. बरघाट रोड सिवनी में प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिलास्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। नियोजको द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच के इच्छुक आवेदक जो कक्षा 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक तक उत्तीर्ण हैं। अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित होवें। इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

### जनपद पंचायत सिवनी का काम्प्लेक्स गंदगी में तब्दील

जनपद पंचायत सिवनी का शापिंग का पलेक्स देखरेख के अभाव में बदहाल होते जा रहा है। आलम यह है कि यहां के हाल में स्थानीय दुकानदार, टैक्सी चालक बेखौफ होकर लघुशंका कर रहे हैं जिससे यहां से उठ रही सडांध से लोगों का परेशानी हो रही है। जनपद के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते शापिंग का पलेक्स बदहाल होते जा रहा है। शाम ढलते ही यहां पर लोग शराबखोरी करते हैं। का पलेक्स की दुकानों के दरवाजे भी टूटे पड़े हैं। यहां पर कचरे का अ बार लगा हुआ है। यदि यही हाल रहा तो का पलेक्स बहुत जल्द जर्जर अवस्था में पहुंच जाएगा। इतना ही नहीं का काम्प्लेक्स के आस-पास मटेरियल सप्लायरों ने भी अवैध कब्जा कर रखा है।

# पॉलीथिन पर रोक फिर भी शहर में हो रही इस्तेमाल

**शहर में पॉलीथिन के इस्तेमाल पर रोक लगाए जाने के बावजूद शहर की सडक़ों और गली-मोहल्लों में इसका व्यापक इस्तेमाल जारी है। सरकार और प्रशासन द्वारा इस पर सख्ती से रोक लगाने के आदेश दिए गए हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



लेकिन इसके बावजूद पॉलीथिन का उपयोग कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इससे न केवल शहर की सफाई पर असर पड़ रहा है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान हो रहा है।

### शासन के आदेशों के बावजूद पॉलीथिन का जमकर उपयोग

पॉलीथिन के इस्तेमाल पर रोक के लिए नपा और जिला प्रशासन ने कई बार अभियान चलाया है, लेकिन इसके बावजूद बाजारों, दुकानों और घरों में पॉलीथिन का उपयोग रुकने का नाम नहीं ले रहा है। छोटे व्यापारी, फल-सब्जी विक्रेता और यहां तक कि ग्राहक भी पॉलीथिन का इस्तेमाल करने से बाज नहीं आ रहे हैं। दुकानें और व्यापारियों द्वारा ग्राहकों को सामान देने के लिए पॉलीथिन बैग का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसके कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में पॉलीथिन के कचरे के ढेर लगे हुए हैं।

### सडक़ों और गली-मोहल्लों में बढ़ती गंदगी

शहर की सडक़ों पर पॉलीथिन के कचरे का अंबार लगा हुआ है। खासकर शहर के मुख्य बाजार, चौक बाजार, पुराना पत्रा नाका, और बस स्टैंड क्षेत्र में यह समस्या बहुत गंभीर हो गई है। गली-मोहल्लों में भी पॉलीथिन के पैकेट, बैग और बोतलें बिखरी हुई हैं, जो शहर के सौंदर्य को बिगाड़ रही हैं। यही नहीं, बारिश के मौसम में यह पॉलीथिन कचरा नालियों में जमा हो जाता है, जिससे जलभराव की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है।

### नगरपालिका से नाखुश लोग

पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद नगर पालिका और जिला प्रशासन की ओर से सख्त कार्रवाई की कमी दिखाई दे रही है। अधिकारियों के मुताबिक, पॉलीथिन के इस्तेमाल को रोकने के लिए कई बार अभियान चलाए गए हैं, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। नगर निगम के कर्मचारी नियमित रूप से सफाई अभियान चलाते हैं, लेकिन पॉलीथिन की समस्या की जड़ पूरी तरह से खत्म नहीं हो पा रही है। वहीं, जिला प्रशासन का कहना है कि पॉलीथिन के इस्तेमाल को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के अलावा कुछ ठोस कदम उठाए जाएंगे, लेकिन इसका परिणाम फिलहाल नजर नहीं आ रहा।

### कचरे के ढेर बने बड़ी परेशानी

पॉलीथिन के कचरे का न केवल पर्यावरण पर बुरा असर पड़ रहा है, बल्कि यह शहरवासियों के लिए भी बड़ी समस्या बन गई है। पॉलीथिन के कारण नालियां ब्लॉक हो रही हैं, जिससे जल निकासी में समस्या उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा, खुले स्थानों और सडक़ों पर पॉलीथिन का कचरा देखकर आम लोग परेशान हैं। शहर में यह गंदगी बढऩे के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि यह कचरा मच्छरों और अन्य कीटाणुओं के लिए एक आदर्श स्थल बन जाता है।

# गोशाला में लगी आग, 8 मवेशी झुलसे



सिवनी जिले के घंसौर विकास खंड के बरौदामाल गांव में एक मंगलवार दोपहर छोटेलाल यादव की गोशाला में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल की गाड़ी के पहुंचने से पहले ही गोशाला का बड़ा हिस्सा जल चुका था। स्थानीय लोगों ने मवेशियों को बाहर निकाला। हालांकि इस घटना में 8 मवेशी झुलस गए। पटवारी ने नुकसान का किया आकलन घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे पटवारी ने नुकसान का आकलन किया है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। गोशाला के पास कुछ मकान भी हैं। समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो यह घटना और भी बड़ा रूप ले सकती थी। . प्रशासन ने इस घटना के बाद लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। साथ ही आगजनी जैसी घटनाओं से बचने के लिए सावधानी बरतने को कहा है।

# पेंशनर्स एसोसिएशन संघ ने महंगाई राहत की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जिले के घंसौर में मंगलवार को पेंशनर्स एसोसिएशन संघ ने महंगाई राहत की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया। पेंशनरों ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और वित्त सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। पेंशनरों का मुख्य मुद्दा मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 से जुड़ा है। भारत सरकार ने 13 नवंबर 2017 के पत्र में स्पष्ट किया है कि महंगाई राहत भुगतान के लिए छत्तीसगढ़ से सहमति लेने का कोई प्रावधान नहीं है। फिर भी यह परंपरा अवैध रूप से जारी है। इस मुद्दे पर कई वरिष्ठ नेताओं ने हस्तक्षेप किया है। इनमें मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, रतलाम की सांसद अनिता नागर और कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान शामिल हैं। पेंशनरों की मांग है कि महंगाई राहत के भुगतान के लिए छत्तीसगढ़ से सहमति लेने की अवैधानिक परंपरा को तुरंत समाप्त किया जाए। साथ ही केंद्र सरकार के आदेश की तिथि से स्वीकृत महंगाई राहत का भुगतान किया जाए।

# पुलिस ने पकडा कत्लखाने जा रहे गौ-वंश से भरी ट्रेवलर गाडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

दिनांक 19.03.2025 की दरमियानी रात को मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी धूमा शत्रुघन पटले को सूचना मिली कि गोटेगांव तरफ से ट्रेवलर वाहन क्र. **MH**27**A**9642 में गौवंश को क्रूरता पूर्वक परिवहन कर ले जा रहे है सूचना पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार श्रीमान अति० पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री जी डी शर्मा के निर्देशन मे तथा श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन श्री अपूर्व भलावी के मार्ग दर्शन में बिना देर किये हमराह स्टाफ सउनि सौरभ शर्मा, आर. 489 अरुण पटेल, चालक आर. 500 रवि मय थाना मोबाईल के सूचना तस्दीक वास्ते पहुंचा जो सूचना मिली की गोटेगांव तरफ से एक ट्रेवलर वाहन क्र. **MH**27**A**9642 में अवैध गौवंश क्रुरता पुर्वक भरकर गोटेगांव से नागपुर की ओर जा रहे है। मौका की कार्यवाही हेतु गवाहान शीलचन्द पिता जगदीश प्रसाद इरपाचे व अरुण पिता रामकुमार यादव के हाईवे रोड गोटेगांव चौराहा धूमा में नाकाबन्दी की गई। जो ट्रेवलर वाहन क्र. **MH**27**A**9642 गोटेगांव तरफ से आती हुई दिखी जो उक्त ट्रेवलर वाहन का चालक अपने वाहन को तेज रफ्तार में चलाकर भागने का प्रयास करने



लगा। जो ट्रैवलर वाहन ग्राम कोहका की ओर जाने लगा जिसे हमराह स्टाफ के पीछा कर ग्राम सिल्पनी के पास बेमुसकिल रोका गया। जो ट्रेवलर वाहन क्र. **MH**27**A**9642 के चालक एवं उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग गये। ट्रेवलर वाहन का दरवाजा खोल के चेक करने पर गौवंश मवेशी रस्सी से क्रूरता पूर्वक भरे पाये गये। ट्रेवलर वाहन में मौके पर गौवंश मवेशी की गणना करवाई गई वाहन में कुल 13 नग गौवंश मवेशी जुमला रंग काला लाल सफेद मटमैले उम्र करीबन 5-7 बर्ष गौवंश मवेशी क्रूरता पूर्वक रस्सीयों से बंधे हुये सभी कृषि योग्य पशु प्रतीत हुये पाये गये। जिनको रस्सीयों से क्रूरता पूर्वक बांधकर कृषि योग्य पशुओ को वध करने की नियत से बिना चारा, पानी, भूसा के बिना क्रय विक्रय के दस्तावेजो डाक्टरी रिर्पोट के ले जाते हुये पाये गये। ट्रेवलर वाहन में 13 नग गौवंश मवेशी की कीमत लगभग 90,000 रू- तथा ट्रैवलर वाहन क्र. **MH**27**A**9642 की कीमत लगभग 10,00,000 रू की होगी। पकडे गये ट्रेवलर वाहन एवं गौवंश मवेशी हमराह स्टाफ मय थाना मोचाईल के मौके की कार्यवाही कर ट्रेवलर वाहन क्र. **MH**27**A**9642 को बिना वाहन दस्तावेज के एवं गौवंश मवेशी की जप्ती की कार्यवाही की गई। गौवंश मवेशीयो को नागनदेवरी गौशाला में सुरक्षार्थ रखवाकर पावती प्राप्त की गई । अज्ञात आरोपीगणो के द्वारा गौवंश मवेशोयो का क्रूरतापूर्वक परिवहन करने से आरोपीगणो का कृत्य अपराध गौवंश धाराओं का पाया जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। अप.क्र.- 96/2025 धारा - 4,6,9 गौवंश, 6(ग), 7.10कृ. पशु परि. अधि..11(1)(घ) पशु के प्रति. क्रूर. निवा. अधि 66/192 मो. या. जप्ती- 1. ट्रेवलर वाहन में 13 नग गौवंश मवेशी की कीमत लगभग 90,000 रू- तथा ट्रेवलर वाहन क्र. **MH**27**A**9642 की कीमत लगभग 10,00,000 रु/- 1 उक्त कार्यवाही में उपनिरी शत्रुघन पटले, सउनि सौरभ शर्मा, आर. 489 अरूण पटेल, चालक आर. 500 रवि यादव, सै. 57 शीलचंद एवं डायल 100 पायलेट अरूण यादव का सराहनी योगदान रहा।

# एक चिंगारी कर देती है फसलों को खाक

## दमकल दलों व वाहनों का अभाव, जिले में 1600 गांव

**ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होते ही खेतों में दमकल दल के अभाव में जिले में प्रतिवर्ष सैकड़ों एकड में लगी फसल जलकर चौपट हो जाती है, ऐसा माना जाता है कि फसलों के ऊपर से जाने वाले विद्युत तारों के घर्षण के कारण स्कार्पिंग होने से गिरने वाली चिंगारी फसलों को चौपट कर देती है यही स्थिति इस वर्ष भी देखने को मिल रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले में आने वाली तहसीलों के अंतर्गत 8 विकासखंड आते है इनके अंतर्गत 645 ग्राम पंचायतों से जुडे 1600 गांव शामिल है जहां पर हरने वाले 60-70 प्रतिशत लोग कृषि कार्य करते है किसान फसलों को लगाने के दौरान संपत्ति तथा गहने तक गिरवी रखकर कृषि कार्य करते है, और उन्हें उम्मीद रहती है कि फसल आने पर वह गिरवी रखी संपत्ति और गहने महाजन या बैंक से उठा लेगें। लेकिन विद्युत विभाग या अन्य कारणों से लगी आग के चलते किसानों के सपने चकनाचूर हो जाते है।



फाइल फोटो

### शहर से गांव पहुंचने में लगता है समय

देखा गया कि जिला मुख्यालय से इन गांवो तक या नगर पालिका परिषद क्षेत्र से गांव पहुंचने में दमकल दलों को आधा घंटे से एक घंटा से भी अधिक समय लगता है ऐसे हालातो में आग पर काबू पाना कठिन हो जाता है वैसे पहले गांव में सडक़े ना होने से परेशान होती थी लेकिन अब सडक़े वन जाने से वाहन ओन दा स्पाट तक पहुंच जाते है और आग बुझाने में जुट जाते है। इस दौरान गांव वालो का सहयोग और अन्य स्थानों से दमकल दलों की पूर्ति होने पर रोकना संभव हो जाता है।

### प्रतिवर्ष की जाती दमकल वाहनों की मांग

ज्ञातव्य है कि जिले में मात्र 10-12 दमकल वाहन है और ग्रीष्म ऋतु में इनकी मांग बढ़ जाती है एक ही समय में अनेक स्थानों पर आगजनी की घटना के चलते हर जगह इन वाहनों का समय पर पहुंच पाना संभव नहीं हो पाता प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु में दमकल वाहनों की मांग की जाती है मगर इनकी पूर्ति ना होने से घटनाऐं घटती रहती है।

### वाहन पहुंचते ही खाक हो जाती फसल

जिले में सिवनी, लखनादौन, केवलारी आंदेगांव घंसौर किदंरई बरघाट, कुरई खवासा पिपरवानी, सुदूर गांव है जो जिला मुख्यालय से 70 से 120 किलो मीटर दूर है ऐसे में जब तक दमकल वाहन पहुचते है तब तक सब जलकर खाक हो जाता है। ज्ञातव्य है कि जिले की आगजनी की घटनाओं में वर्ष 2018 मे वेलपेट में 7 घरो सहित रखा अनाज जेवर आदि सब जलकर खाक हो गया था इसी तरह अनेको उदाहरण प्रतिवर्ष देखने को मिलते है।

# हत्या के प्रयास में 3 आरोपी पहुँचे जेल, एक फरार

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता चाकू बाजी की घटनाओं को लेकर अति संवेदनशील है एवं ऐसे आरोपियों के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही हेतु अग्रसर है। एएसपी गुरुदत्त शर्मा एवं सीएसपी पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्यवाही की जाती रही है। सूचना मिली कि गणेश चौक के पास मयूर दुबे अपने साथियों के साथ मिलकर सूरज जंघेला के साथ लड़ाई झगड़ा कर रहा है जो सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी एवं स्टाफ के व्दारा मौके पर पहुँचे जो घटना स्थल पर सूरज जंघेला घायल अवस्था में मयूर दुबे के घर के सामने पड़ा हुआ था जिसे तुरंत जिला चिकित्सालय उपचार हेतु भिजवाया गया बाद घायल से पूछताछ उपरांत पता चला कि पुराने झगड़े को लेकर मयूर दुबे ने अपने साथी जितेन्द्र बघेल, मयंक दुबे एवं अतुल रैकवार के साथ मिलकर घायल सूरज जंघेला को घर के सामने रोड पर रोककर वाद विवाद किये एवं तलवार चाकू तथा बेसबाल के डंडे से मारपीट कर घायल किये है जो मौके पर आरोपियों के विरुध्द अपराध धारा 109 (1), 126(2),296, 115(2),118(1),351(2),3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया है। घटना में मयूर दुबे पिता मुकेश दुबे उम्र 33 साल निवासी केवटी वार्ड गणेश चौक सिवनी, मयंक दुबे पिता मुकेश दुबे उम्र 35 साल निवासी केवटी वार्ड गणेश चौक सिवनी जितेन्द्र उर्फ बड्डा बघेल पिता भूपसिंह बघेल उम्र 35 साल निवासी महाराज बाग भैरोगंज सिवनी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, अतुल रैकवार पिता मुन्नालाल रैकवार उम्र 31 साल निवासी मिशन स्कूल के पीछे केवटी वार्ड सिवनी एक आरोपी की गिरफ्तारी शेष है।।

### मेघनाथ मेले में घटना करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

प्रार्थी राजा वंशकार पिता राजकुमार वंशकार 29 वर्ष निवासी पांजरा के मौसा इन्द्रकुमार का प्रार्थी की बड़ी माँ के लडक़ो से पुराना विवाद के चलते दिनांक 14 मार्च 25 के लगभग 5 बजे ग्राम पांजरा में आयोजित मेघनाथ में प्रार्थी की बड़ी मां के लडक़े संजय वंशकार, अंकित वंशकार, नितुल वंशकार, सचिन वंशकार और विरू वंशकार ने अचानक प्रार्थी व उसके मौसा इन्द्रकुमार वंशकार पर जान से खत्म करने की नीयत से हथोडा व लोही की चैन से मारपीट किये जिससे इन्द्रकुमार को सिर में, पीठ में, पेट में, चेहरे में गंभीर चोट आई है तथा प्रार्थी राजा वंशकार को सिर व माथे में चोट आई, जिससे केवलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर मामला संज्ञान में लेते हुए संजय वंशकार, अंकित वंशकार, नितुल वंशकार, सचिन वंशकार और विरू वंशकार के विरूध्द अप.क्रं. 145/25 धारा 296,351(3), 115(2), 109(1), 3 (5) बी.एन.ए. का पंजीबध्द किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टीम गठित कर प्रकरण के आरोपियों संजय पिता संतु वंशकार 25 वर्ष, सचिन वंशकार पिता संतु वंशकार 27 वर्ष, नितुल उर्फ विशाल पिता संतु वंशकार 19वर्ष, अंकित पिता संतु वंशकार 31 वर्ष, ब्रजेश उर्फ विरू वंशकार पिता संतु वंशकार 21 वर्ष सभी निवासी जामुनपानी की तलाश कर दस्तयाब कर पूछताछ की गई जिन्होने आहत इन्द्रकुमार वंशकार से पारिवारिक पुरानी रंजीश को लेकर हथोड़े व मो.सा. की चैन से मारपीट करना स्वीकार किये, उक्त आरोपियों से घटना में प्रयुक्त हथोड़ा व 2 नग लोहे की चैन बरामद की गई। पांचो आरोपियों को विधिअनुरूप गिर तार कर माननीय न्यायालय पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड प्राप्त की गई है।

# रंगपंचमी को अनिष्टकारी शक्तियों पर विजय पाने का पर्व कहा जाता है-स्वामी नारायणानंद

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित श्रीशिव महापुराण में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए बताए कि रंगपंचमी को अनिष्टकारी शक्तियों पर विजय पाने का पर्व कहा जाता है। माना जाता है कि त्रेता युग की शुरुआत में ही भगवान विष्णु ने धूलि वंदन किया, इसका मतलब ये कि उस समय भगवान विष्णु ने अलग-अलग रंगों के प्रयोग से तेज युक्त अवतार लिए। त्रेता युग में अवतार होने पर उसे तेजोमय यानी अलग-अलग रंगों की मदद से दर्शन के अनुरूप बनाया। इसलिए मान्यता है कि अलग-अलग रंगों को हवा में उड़ाना धूलि वंदन होता है और उन रंगों की देवीय चमक से भगवान प्रसन्न होते हैं। प्राचीनकाल से ही होती है रंगपंचमी इस पर्व का इतिहास काफी पुराना है। कहा जाता है कि प्राचीन समय में जब होली का उत्सव कई दिनों तक मनाया जाता था उस समय रंगपंचमी के साथ उसकी समाप्ति होती थी और उसके बाद कोई रंग नहीं खेलता था। वास्तव में रंगपंचमी होली का ही एक रूप है जो चैत्र मास की कृष्ण पंचमी को मनाया जाता है। होली का आरंभ फाल्गुन माह के साथ हो जाता है और फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन के बाद यह उत्सव चैत्र मास की कृष्ण प्रतिपदा से लेकर रंगपंचमी तक चलता है। देश के कई हिस्सों में इस अवसर पर धार्मिक और सांकृतिक उत्सव आयोजित किये जाते हैं। शास्त्रों के अनुसार रंगपंचमी अनिष्टकारी शक्तियों पर विजय पाने का पर्व कहा जाता है।कथा के पूर्व पूज्य महाराज श्री का वैदिक परंपरानुसार पादुका पूजन मुख्य यजमान डब्बल साहू जी , जयदीप सिंह , माधव साहू , राजकुमार साहू , घनश्याम साहू पंडित घनश्याम जी सहित सैकड़ों भक्तों द्वारा सम्पन्न हुआ।



# जैविक अपशिष्ट प्रबंधन हेतु ब्लैक सोल्जर फ्लाई उत्पादन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**सिवनी।** कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि केन्द्र में टीएसपी (एसटी) के अंतर्गत आईसीएआर द्वारा स्वीकृत परियोजना अपशिष्ट के जैव रूपांतरण एवं उच्च मूल्य बायोमास उत्पादन के लिए ब्लैक सोल्जर फ्लाई (बीएसएफ) के उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुरई ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों के लगभग 50 आदिवासी कृषकों की भागीदारी रही।

प्रशिक्षण कार्यक्रम जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के ख्यातिलब्ध कीट वैज्ञानिक परियोजना प्रमुख एवं आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. एस बी दास ने से जानकारी देते हुए बताया कि केवीके सिवनी से प्रथम क्रियान्वयन ब्लैक सोल्जर फ्लाई उत्पादन एवं प्रशिक्षण परियोजना का किया जा रहा है। भविष्य में इसका सकारात्मक प्रभाव व लाभ किसानों को मिल सके आपने बताया कि अपशिष्ट के जैव रूपांतरण एवं उच्च मूल्य बायोमास उत्पादन के लिए ब्लैक सोल्जर फ्लाई (बीएसएफ) के उत्पादन पर प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन, जो टीएसपी (एसटी) के अंतर्गत आईसीएआर द्वारा स्वीकृत किया गया है। जबलपुर के अतिरिक्त पांच अन्य केंद्रों को भी परियोजना केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इस पहल के अंतर्गत, हमें दो प्रमुख गतिविधियां करनी हैं। प्रदर्शन इकाई की स्थापना यह इकाई अपशिष्ट जैव रूपांतरण एवं बायोमास उत्पादन के लिए ब्लैक सोल्जर फ्लाई उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगी। दूसरा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम परियोजना के सफल किर्यान्वयन कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल ने प्रशिक्षण के शुभारंभ में स्वागत उद्बोधन में कहा कि बीएसएफ का सिवनी जिले में शुभारंभ अवशिष्ट के जैव रूपांतरण एवं उच्च मूल बायोमास उत्पादन के क्षेत्र में एक नई कृषि क्रांति का शुभारंभ होगा डॉ. बघेल ने कृषि विज्ञान केंद्र में संचालित हो रही विभिन्न किसान हितेषी उपयोगी कार्यों की विस्तार से जानकारी प्रदान की कार्यक्रम में जबलपुर से आए वैज्ञानिक डॉ. राकेश सिंह मरावी द्वारा पावर पाइंट के माध्यम से विस्तार से भी जानकारी प्रदान की गई साथ पी.एच.डी. छात्र श्री मनीष गडेकर एवं श्री मुन्द्राती रामाकृष्णा द्वारा ब्लैक सोल्जर फ्लाई के उत्पादन की प्रदर्शन इकाई बनाने का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन उद्यान विशेषज्ञ डॉ निखिल कुमार सिंह वैज्ञानिक द्वारा किया गया।

ब्लैक सोल्जर फ्लाई क्या है- ब्लैक सोल्जर फ्लाई एक कीट है जिसका वैज्ञानिक नाम हर्मेटिया इल्लूसेन्स है जो वर्ग इन्सेक्टा के गण डिप्टेरा में आता है, यह एक लाभकारी कीट है। बीएसएफ फार्मिंग के लाभ अनेक है जैसे जैविक कचरे की समस्या का समाधान और उच्च प्रोटीन युक्त पशु आहार के रूप मे कुक्कुट, मछली एवं सुअरपालन मे, पोषण आहार का अच्छा विकल्प है पर्यावरण अनुकूल और टिकाऊ समाधान। मछली आहार और सोया प्रोटीन का एक अच्छा विकल्प। ब्लैक सोल्जर फ्लाई (बीएसएफ) जैविक कचरा प्रबंधन के लिए एक नवीन और प्रभावी समाधान प्रदान करता है।

## अग्रवाल समाज समिति सिवनी को किया सम्मानित

# हजारों कुंभ तीर्थ यात्रियों को कराई ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था

**अग्रवाल समाज सिवनी द्वारा प्रयागराज कुंभ तीर्थ यात्रियों के रात्रि विश्राम तथा स्वल्पाहार की निःशुल्क व्यवस्था की चहुंओर प्रशंसा हो रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



इसी तारतम्य में भोपाल से प्रकाशित सामाजिक पत्रिका के संपादक श्री ओम अग्रवाल ने सोमवार को सिवनी पहुंचकर लूघरवाड़ा स्थित अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष, पदाधिकारियों व सदस्यों को सेवा कार्यो के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व विधायक नरेश दिवाकर ने भी अग्रवाल समाजल के पुनीत कार्यो की सराहना की, सदस्यों का सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ में कर्नाटक, तेलंगना व महाराष्ट्र से प्रयागराज जा रहे तीर्थ यात्रियों को भारी भीड़ के कारण हो रहे जाम की परेशानियों के चलते रात्रि विश्राम की आवश्यकता को देखते हुए सिवनी अग्रवाल समाज ने जबलपुर रोड स्थित लूघरवाड़ा अग्रसेन भवन में 9 से 27 फरवरी के दौरान तीन हजार से अधिक यात्रियों के निशुल्क ठहरने व जलपान की व्यवस्था की थी। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्री राकेश अग्रवाल (भालोटिया), सचिव श्री नरेश अग्रवाल, समिति पदाधिकारियों तथा वरिष्ठ सदस्य नरेन्द्र अग्रवाल, डा. सुनील अग्रवाल का सम्मान करते हुए श्री ओम अग्रवाल, श्री सूरज पोतदार ने ऐसे पुण्य कार्य के लिए पूरे अग्रवाल समाज को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डा. सुनील अग्रवाल ने अग्रसेन भवन के निर्माण के लिए सहयोग राशि का चेक भेंट किया।

मात्र 999/sq.Ft में प्लाट उपलब्ध
गौतम बुद्ध बिहार सिटी
सर्व सुविधा युक्त कॉलोनी रेरा अप्रूव्ड टी एन सी पी विकास अनुमति डायवर्टेड कॉलोनी
बरघाट बाईपास से कटंगी बाईपास, न्यू डूडा सिवनी थाना के पास ग्राम छिड़िया पलारी सिवनी संपर्क 9589249192, 8871779192

### कायदी पंचायत में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उपसरपंच और पंच कर रहे थे आंदोलन

# 15 दिन से चल रहा धरना प्रदर्शन स्थगित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट की कायदी पंचायत में 15 दिन से चल रहा आंदोलन स्थगित हो गया है। उपसरपंच धरम सिंह राजपूत और पंच 3 मार्च से जिला पंचायत के सामने धरना दे रहे थे। उपसरपंच ने सरपंच रेखा जितेन्द्र नगरगढ़े, सचिव और उपयंत्री पर गंभीर आरोप लगाए थे। उनका कहना था कि 15वें वित्त में मनरेगा के निर्माण कार्यों में अनियमितता, फर्जी हाजिरी भरकर वेतन निकालने और पेयजल एवं जल संरक्षण के फंड में गड़बड़ी की गई है। इसके अलावा बिना अनुमति 15वें वित्त की राशि से हाईमास्ट लाइट लगाई गई। धरम सिंह राजपूत का कहना है कि मनरेगा के तहत दिखाए गए कार्य वास्तव में हुए ही नहीं। सरपंच, सचिव, उपयंत्री और जीआरएस की मिलीभगत से भुगतान कर दिया गया। जिला पंचायत और प्रशासन की ओर से हुई जांच में उपसरपंच संतुष्ट नहीं हैं। प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई न होने के कारण उन्होंने आंदोलन स्थगित कर दिया है।



### किसान बोले- पेमेंट नहीं होने पर 30 मार्च से सप्लाई बंद करेंगे

# सांची दुग्ध समितियों का डेढ़ करोड़ भुगतान अटका

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट की दुग्ध समितियों ने सांची दुग्ध संघ जबलपुर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। समितियों को पिछले 6 महीनों से भुगतान नहीं मिला है। इसको लेकर बुधवार को दुग्ध समिति प्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय कार्यालय प्रबंधक माधुरी सोनेकर को ज्ञापन सौंपा।

जिले में करीब 130 दुग्ध संकलन समितियां हैं। इनसे जुड़े लगभग 6000 परिवार जबलपुर दुग्ध संघ को दूध की सप्लाई कर रहे हैं। प्राथमिक दुग्ध सहकारी समिति एकोड़ी के सचिव कमलेश परिहार के अनुसार, भुगतान नहीं मिलने से 60-70 समितियां छोड़कर बाकी समितियां प्राइवेट डेयरी को दूध सप्लाई कर रही हैं।

#### किसान बोले- हम पशुओं के लिए चारा नहीं खरीद पा रहे

किसानों को पशुओं के लिए चारा खरीदने में दिक्कत हो रही है। इससे दूध का उत्पादन भी कम हो रहा है। समितियां और उनके सदस्य आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। जब वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जबलपुर संघ के अधिकारियों से संपर्क किया, तो उन्होंने एफआईआर की धमकी दी।



### योग समिति के सदस्यों ने एक-दूसरे लगाया गुलाल

# नपा अध्यक्ष ने पार्षदों संग रंगपंचमी मनाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में पांच दिवसीय होली पर्व का समापन रंगपंचमी के साथ हुआ। 19 मार्च को शहर में जगह-जगह रंगपंचमी का त्योहार उत्साह से मनाया गया। नगरपालिका में अध्यक्ष भारती ठाकुर ने पार्षदों के साथ प्राकृतिक रंगों से होली खेली। कार्यक्रम में पार्षद पति और नगरपालिका कर्मचारी भी शामिल हुए।

मोती उद्यान में पतंजलि योग समिति की वरिष्ठ योग कक्षा में उत्साह का माहौल रहा। वरिष्ठ योगियों ने ढोल की थाप पर फाग गीत गाए। उन्होंने जमकर नृत्य भी किया।

पतंजलि योग समिति और भारत स्वाभिमान समिति के मुख्य संरक्षक देवी प्रसाद राहंगडाले ने होली को सनातन परंपरा का त्योहार बताया। उन्होंने कहा कि यह आपसी मनमुटाव भुलाकर भाईचारा बढ़ाने का पर्व है। महिला-पुरुष वरिष्ठजनों ने एक-दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं।



# 15 साल से अधूरा प्रेमनगर प्रवेश द्वार, वार्डवासियों ने नपा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

रिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में करीब 15-17 साल पहले प्रेमनगर प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। यह काम तत्कालीन भाजपा की मनोनीत नगर पालिका अध्यक्ष उषा चौरसिया के कार्यकाल में शुरू किया गया था।

प्रवेश द्वार के केवल पिलर खड़े किए गए। इसके बाद ऊपरी हिस्से का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। इस दौरान नगर पालिका के दो कार्यकाल पूरे हो चुके। तीसरे कार्यकाल के भी दो साल बीत चुके हैं। प्रेमनगर वार्ड के कांग्रेस पार्षद आशुतोष डहरवाल ने वार्ड वासियों के साथ नपा अध्यक्ष भारती ठाकुर से मुलाकात की। उन्होंने प्रवेश द्वार को पूरा करने की मांग की। पार्षद डहरवाल ने बताया कि उन्होंने 12 दिसंबर 2022 को इस संबंध में आवेदन दिया था। नगर पालिका परिषद की बैठक में प्रस्ताव भी पास कराया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

नपा अध्यक्ष भारती ठाकुर ने वार्ड वासियों की मांग को गंभीरता से लिया है। उन्होंने मार्च के अंत या अप्रैल तक प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया है।



#### 18 मार्च से 2 अप्रैल तक संचालित होगा पोषण पखवाड़ा

**बालाघाट।** जिले में एनीमिया को रोकने तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाने के उद्देश्य से 18 मार्च से 02 अप्रैल तक पोषण पखवाडे.का संचालन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.परेश उपलप ने जानकारी देते हुए बताया कि सही पोषण और आईएफए सप्लीमेंटेशन के साथ एक स्वस्थ भविष्य की शपथ लेकर आयरन और फोलिक एसिड एनीमिया को रोकने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने और समग्र कल्याण सुनिश्चित करने के लिए सभी बीएमओ तथा मैदानी अमले को निर्देश दिए गए है। जिसके अनुसार समुदाय में जागरूकता आधारित गतिविधियां आयोजित करने और पोषण प्राथमिकता पर आंगनबाडी स्तर पर कार्य किये जाएंगे। डॉ. उलपल ने बताया कि गर्भावस्था से लेकर 1000 दिनों तक शिशु के लिए आयरन युक्त आहार और आईएफए अनुपूरण इसलिए जरूरी है क्योंकि गर्भ में विकसित हो रहे शिशु में अनीमिया के जोखिम को कम करने लिए यह जरूरी है। उन्होंने बताया कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने, मानसिक विकास, ताकत और स्फूर्ति बढाने तथा बाल मृत्यु दर को कम करने के लिए पोषण युक्त संतुलित आहार बेहद जरूरी है। एनीमिया से बचाव के लिए अच्छी आदतों के बारे में उन्होंने कहा कि हितग्राही आरयन की खुराक लेना ना भूले, एनीमिया से बचने के लिए नियमित रूप से उम्र के अनुरूप आयरन की खुराक लें। संतुलित आहार का सेवन करें आयरन और पोषक तत्वों के साथ नींबू, संतरा या आंवला खाएं जिससे शरीर में आयरन बेहतर तरीके से अवशोषित हो। आईएफए की खुराक को दूध या दूध से बने पदार्थों के साथ न ले क्योंकि इससे आयरन की अवशोषण कम हो सकता है।

### किसानों के आवागमन का काटा गया रास्ता, किसानों ने जताया विरोध

# जेसीबी मशीन लगाकर किया जा रेत का अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर से सटी ग्राम पंचायत चिचगांव से होकर बहने वाली वर्षा आधारित चंदन नदी में जेसीबी मशीन लगाकर रेत का अवैध तरीके से उत्खनन किया जा रहा है. इस रेत का व्यवसायिक उपयोग हो रहा है. रेत उत्खनन करने वाले कथित रेत माफियाओं ने रेत उत्खनन करते हुए खेतों तक जाने वाले किसानों के रास्ते को भी काट दिया है. जिसका किसानों की तरफ से विरोध किया जा रहा है. किसानों ने गांव में हो रहे इस अवैध रेत उत्खनन की शिकायत पंचायत के सरपंच से भी की लेकिन रेत खनन करने वालों को कोई फर्क नहीं पड़ा. वहीं सरपंच ने ग्रामीणों से कहा कि वह कुछ नहीं कर सकते. ग्रामीणों की शिकायत पर जब हम मौके पर पहुंचे तो यहां एक जेसीबी मशीन रेत का अवैध उत्खनन करते हुए दिखाई दी. जबकि मौके पर एक ट्रेक्टर रेत भरने के लिए नदी में उतरा हुआ था और दो ट्रेक्टर रेत लेकर फरार हो गए. मौके से ही एसडीएम को अवैध रेत उत्खनन की सूचना दी गई. जिसके बाद उन्होंने तहसीलदार और हल्का पटवारी को मौके पर भेजे जाने के भरोसा दिया. ग्रामीणों ने बताया कि शाम तक विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

शिकायतकर्ता ग्रामीण किसानों ने बताया कि करीब 15 दिन से रेत का अवैध उत्खनन शुरू हुआ है. जिसकी जानकारी पंचायत के मुखिया को दी गई. उन्होंने विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी या नहीं इस बात की उन्हें कोई जानकारी नहीं है. किसान कहते है कि रेत खनन करने के लिए खेतों की तरफ जाने वाले रास्ते को ही काट दिया गया है. रेत खनन करने वालों में गांव के ही एक युवक के अलावा शहर के लोग भी शामिल है. जो बेखौफ होकर नदी से रेत निकाल रहे है और अब इनकी मनमानी इस कदर बढ़ गई है कि उन्होंने किसानों के आवागमन के रास्ते को काटकर बंद कर दिया है. किसानों की माने तो अगर गांव में इसी बात को लेकर कुछ बोला जाएगा तो आपस में ही विवाद होगा इसलिए प्रशासन को इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए।



# विकासशील से विकसित होने के लिये, लडकियों का शिक्षित होना जरूरी-आदिति बैस

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** किरनापुर निवासी ब्लाक अध्यक्ष क्षत्रिय समाज किरनापुर झालेन्द्र सिंह चौहान की भतीजी सुश्री आदिति बैस ने गत दिवस नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में अध्ययन करते हुए 7 स्वर्ण पदक प्राप्त किये है। पांच वर्षो तक बी.ए.एल.एल.बी. पाठ्यक्रम 2029-24 में प्रथम क्रमांक और सबसे ज्यादा सीजीपीए को कायम रखा। जिसके चलते उन्हें स्वर्ण पदक के योग्य छात्रा माना गया। सुश्री बैस का प्रारंभ से ही स्वर्ण पदक श्री हीरालाल चूडामन पटेल हासिल करने का लक्ष्य था। जिसे उन्होंने कडी मेहनत करके प्राप्त किया है। वर्तमान में वह एलएलएम की पढ़ाई कर रही है।

सुश्री बैस ने अपनी उपलब्धि पर कहा कि भारतीय राजनीति में लगभग 13 प्रतिशत भागीदारी महिलाओं की है जिसमें पंच, सरपंच, विधायक व सांसद का समावेश है। इतना ही नहीं आने वाले दिनों में यह प्रतिशत 34 से 40 प्रतिशत तक हो सकता है। जिसकी वजह से एक बेहतर समाज निर्माण के प्रयत्नों को गति मिलेगी परन्तु उसके लिये आने वाली पीढी की लडकियों का शिक्षित होना जरूरी है। मध्यप्रदेश के पातालकोट, महाराष्ट्र के गढचिरोली जैसे स्थानों को स्कूल, अस्पताल की सुविधा होने के बावजूद भी पालक अपने बच्चों की शादी कम उम्र में करवाने पर जोर देते है। महानगरों में लडकियां कई प्रकार के शोषण की शिकार हो रही है क्योंकि वह शिक्षित नहीं है और उन्हें कानून का ज्ञान नहीं है। इसलिये मेरी हर बहनों से अपील है कि शिक्षित बनिये। शिक्षा से ही जीवन में उजाला आ सकता है। पढे लिखे बिना गरीबी के जाल को तोडना असंभव है। हमारा देश विकासशील से विकसित हो रहा है। प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ रही है। अतः शिक्षा के तरफ हर माता पिता को ध्यान देना चाहिये और प्रयास करना चाहिये कि उनके बच्चे ज्यादा से ज्यादा पढकर शिक्षित हो। तभी शोषण के जंजीरों को हम तोड सकते है।



#### गढ़ी में किया गया निशुल्क दवाईयों का वितरण

**बालाघाट।** देश कि आन्तरिक सुरक्षा, नक्सलवाद एवं माओवाद का खात्मा करने के लिए केंद्रीय रिजर्व बल की 148 वीं बटालियन निरंतर प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहीं है। इसी कड़ी में मंगलवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मण्डला एवं बालाघाट में तैनात 148 वीं बटालियन द्वारा थाना गढी के अर्न्तगत मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास कें गॉव भालापुरी, निवास, बलगांम, गढी, कुकर्रा व सिझोरा से 250 के करीब आम जनमानस को स्वास्थ सुविधा एवं दवाईयां उपलब्ध करायी गयी। सीआरपीएफ के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सैनिक कार्यवाही से आम जनता के बीच भारत सरकार एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के प्रति सकारात्मक सेच एवं विश्वास बढ़ाना है।

### अल्पकालीन कृषि ऋणों की वसूली करेः सीईओ जोशी

**बालाघाट।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बालाघाट मुख्यालय में सोमवार को कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में प्रभारी बैंक सीईओ श्री पी जोशी द्वारा 19 शाखा प्रबंधको एवं 126 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कर्मचारियों की बैठक वीसी के माध्यम से ली गई। जिसमे श्री जोशी ने वर्ष 2024-25 में शाखाओं, समितियों द्वारा की गई अल्पकालीन कृषि ऋणों की समीक्षा की गई। जिसके चलते खरीफ 2024 में वितरीत अल्कालीन कृषि ऋणों की समितिवार वसूली की समीक्षा में निर्देशित किया गया कि शत प्रतिशत वसूली लक्ष्य अनुसार किया जाए। चूंकि खरीफ 2024 में वितरीत अल्पकालीन कृषि ऋणों की देय तिथि 28 मार्च निर्धारित है।

### लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये लेखा प्रशिक्षण

**बालाघाट।** जबलपुर संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र 1 अप्रैल से प्रारम्भ हो रहा है। शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला के प्राचार्य द्वारा प्रशिक्षण का शेड्यूल निर्धारित किया गया है। सम्भाग के नियमित लिपिक वर्गीय जो अनिवार्य योग्यता पूरी करते है या नियमित सेवा अवधि 26 फरवरी 2015 के अनुसार एक वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो उनके आवेदन आमंत्रित किय जाते है। इस प्रशिक्षण के लिए आवेदन पत्र 24 मार्च तक जबलपुर शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला में जमा किये जावेंगे। ये प्रशिक्षण निशुल्क है। जबकि अर्धशासकीय निगम, मंडल एवं निकाय के कर्मचारियों को मप्र शासन द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क 2000 हजार रुपये का चालान प्रवेश होने पर अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

# शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में ‟लैंगिक समुदाय का उभरता प्रतिमान चुनौतियों एवं संभावनाएँ” विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित इस सेमिनार में डॉ. सुचित्रा शर्मा विजिटिंग प्रोफेसर भारती विश्वविद्यालय दुर्ग छ.ग., सुश्री कंचन सेंद्रे सोशल वर्कर दुर्ग छ.ग. और डॉ. धनाराम उइके, परीक्षा नियंत्रक राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सेमीनार में मुख्य वक्ता डॉ. सुचित्रा शर्मा ने लैंगिक समुदाय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उनके निराकरण से संबंधित राय प्रस्तुत की। साथ ही ट्रांसजेंडर से संबंधित मुद्दों पर ध्यानाकर्षण किया। इसके अलावा लैंगिक समुदाय में पुरूष की भूमिका एवं लैंगिक अंतराल विषय पर अपने विचार रखे गए। चेतना फ्लेगशीप के अंतर्गत आईक्यूएसी एवं रिसर्च एण्ड डेव्लपमेंट सेल के तत्वाधान में आयोजित सेमीनार में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र के विषय विशेषज्ञ एवं शोधार्थी भी उपस्थित रहे।




**कार्यालय ग्राम पंचायत जाम, जप लालबर्रा**

//बाजार नीलामी सूचना// दिनांक 19/03/2025

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय ग्राम पंचायत जाम अंतर्गत बैठकी एवं मवेशी बाजार की नीलामी वर्ष 2025- 2026 ( 1 अप्रैल 25 से 31 मार्च 2026 तक ) 1 वर्ष के लिए पंचायती राज अधिनियम ( फीस संग्रहण का पट्टा ) 1995 नियम एवं नीलामी शर्तों के अध्ययन रहते हुए दिनांक 26 मार्च 2025 दिन बुधवार को 12:00 से ग्राम पंचायत कार्यालय जाम के समक्ष में रखी जाएगी अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि पर नीलामी नहीं होने पर 27 मार्च 2025 दिन गुरुवार को एवं उक्त स्थिति में भी नीलामी नहीं होने पर दिनांक 28 मार्च 2025 शुक्रवार के दिन को निर्धारित समय पर नीलामी की जावेगी। भारतीय स्टांप अधिनियम 1899 के तहत स्टैंप ड्यूटी मुद्रांक शुल्क नीलामी की राशि पर नियम अनुसार दिए होगा।

टिप - नीलामी कार्रवाई से संबंधित सभी नियम व शर्तें कार्यालय समय पर ग्राम पंचायत कार्यालय के सूचना बोर्ड में देखे जा सकते हैं।

रविचंद्र पटले, सचिव ग्रा. पं. जाम | सुकचंद शरणागत, स.सचिव,ग्रा. पं. जाम | रक्खी नगपुरे, उपसरपंच ग्रा. पं. जाम | सुरेंद्र बलोने, सरपंच ग्रा. पं. जाम

# कराते खिलाड़ी सोनाली ने पुलिस भर्ती में प्रदेश में पायी 10वीं रैंक

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** खेल एवं युवा कल्याण द्वारा संचालित कराते प्रशिक्षण केंद्र की भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थी ने पुलिस भर्ती में 10वीं रैंक हासिल कर जिले को गौरान्वित किया है। ज्ञात हो कि हाल ही में कुछ दिन पहले मप्र पुलिस कांस्टेबल का परिणाम घोषित किया गया है। जिसमे वारासिवनी विकासखण्ड के ग्राम एकोडी की सोनाली भगत ने 10वीं रैंक हासिल की है। सोनाली कराते प्रशिक्षण केंद्र बालाघाट की भूतपूर्व कराते खिलाड़ी भी रह चुकी है। सोनाली ने बताया कि आरक्षक भर्ती 2023-2025 पेपर में उसके अंक नोरमालाजेशन मार्क के आधार पर 76.41अंक एवं शारीरिक दक्षता प्रावीण्यता टेस्ट में 92 अंक अर्जित कर कुल टोटल 168.41 अंक के साथ मध्यप्रदेश में महिला ओबीसी पुलिस वर्ग में 10 वीं रैंक प्राप्त की गई है। सोनाली की इस उपलब्धि के लिए खेल अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया द्वारा विभागीय कराते प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन, ए बी फिटनेस एथलेटिक्स कोच ओमप्रकाश दमाहे , श्री नरेश धुवारे सर सचिव अध्यक्ष बालाघाट, कमल तिलासे, अजय ठाकुर, शैलेंद्र यादव द्वारा शुभकामनाएं दी गई है।



कराते प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक श्री सचिन्द्र कृष्णन कुट्टी ने बताया कि सोनाली भगत पिता देवेंद्र कि सुपुत्री ने वर्ष 2018-19 से बालाघाट में रहकर शासकीय जटाशंकर पीजी कालेज में प्रथम वर्ष अध्ययन करते हुए मुलना स्टेडियम जिला कराटे प्रशिक्षण केंद्र खेल विभाग में कराते का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके साथ साथ सोनाली ने रनिंग, गोला फेक, लंबी कूद की तैयारी भी की। सोनाली ने आरक्षक बालिका पुलिस भर्ती वर्ग में 7 मीटर तक गोला भर्ती टेस्ट में फेंका था । एवं अन्य विधाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जो उनके कराते खेल के कठिन अभ्यास के कारण संभव हुआ।

# पूर्व विधायक समरीते ने मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बनाने भारत सरकार के केबिनेट सचिव को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज लाँजी।

संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लांजी किरनापुर क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरीते ने मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बनाने भारत सरकार के केबिनेट सचिव को लिखा पत्र श्री समरीते ने बताया कि मध्य प्रदेश के झाबुआ, गुना, छिंदवाड़ा एवं बालाघाट को नया संभाग बनाने तथा कुक्षी, पिपरिया, नैनपुर, बीना, बैहर, लांजी एवं वारासिवनी को नये जिले बनाये जाये जिससे कि हमारा मध्य प्रदेश और विकसित प्रदेश होगा। श्रीसमरीते ने यह भी कहा कि भारत सरकार का राज्यों को विकसित राज्य बनाने छोटे राज्य, छोटे संभाग, छोटे जिले, छोटी तहसीलें तथा छोटी जनपद पंचायत तथा छोटी ग्राम पंचायतें बनाने की दिशा में प्रयास करने चाहिये। म.प्र. में बेरोजगारी अधिक होने से पलायन अधिक है। गरीबी एवं भूखमरी तथा नक्सलवाद म.प्र. की पहिचान बन गयी है। म.प्र. को विकसित राज्य बनाने नये संभाग एवं नये जिले बनाना अति आवश्यक है। इस कम में म.प्र. में झाबुआ, गुना, छिंदवाड़ा एवं बालाघाट को संभाग बनाया जाना चाहिये। ये तीनों जिले देश के गोवा, दिल्ली, सिक्कीम, पाण्डीचेरी राज्यों से क्षेत्रफल में बड़े हैं। साथ ही कुक्षी, बीना, पिपरिया, नैनपुर, बैहर, वारासिवनी एवं लांजी को नया जिला बनाया जाना चाहिये। पूर्व विधायक किशोर समरीते ने यह भी कहा कि बैहर एवं लांजी पूर्णतः नक्सल प्रभावित है। भारत को विकसित भारत एवं म.प्र. को प्रगतिशील एवं सम्पन्न राज्य बनाने की दिशा में इस मांग पर अविलंब कार्यवाही करने का काम करना चाहिए।



**कार्या. ग्राम पंचायत केशलेवाड़ा, जप बालाघाट**

//आम सूचना// बाजार नीलामी 25/03/2025

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत केशलेवाड़ा की स्थावर सम्पति साप्ताहिक बैठकी / मवेशी बाजार, फीस संग्रहण / पट्टा की नीलामी वर्ष 2025-26 के लिये 25/03/2025 दिन मंगलवार को समय प्रातः 11.00 बजे से ग्राम पंचायत कार्यालय में निर्धारित शर्तों के आधार पर किया जावेगा। नीलामी की शर्तें कार्यालीन समय में देखी जा सकती है। ठेके लेने वाले इच्छुक ठेकेदार नीलामी समय पर उपस्थित होकर एवं निर्धारित अमानत राशि 11.00 जमा कर बोली बोल सकते है। किन्ही कारणवश नीलामी स्थगित होने पर आगामी तिथि की सूचना ग्राम पंचायत भवन के सूचना पटल पर चस्पा कर / मुनादी कर की जावेगी।

आवश्यक शर्तें :-1. नीलामी बोली लगाने के पूर्व प्रक्षित कीमत की दस प्रतिशत राशि जमा करनी होगी।, 2. बोलीकर्ता द्वारा बोली पूर्व जमा की गयी अमानत राशि बोली समाप्ति के पश्चात तक बोलीकर्ता को वापस नही की जावेगी।, 3. नीलामी उपरांत सर्वाधिक बोलीकर्ता/ठेकेदार को पूर्ण राशि निर्धारित तीन किश्तों के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा ।, 4. बोलीकर्ता को पंचायत द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन, बोली लगाने के पूर्व फोटो परिचय पत्र एवं पता हेतू राशनकार्ड की, आधार कार्ड, वोटर आई डी. की स्व प्रमाणित छायाप्रति मोबाईल नंबर जमा करना अनिवार्य होगा ।

साधना नगपुरे, सचिव ग्रा. पं. केशलेवाड़ा | संतोष बंबुरे, स.सचिव ग्रा. पं. केशलेवाड़ा | संतोष बिसेन, उपसरपंच ग्रा. पं. केशलेवाड़ा | राधेश्याम मते, सरपंच ग्रा. पं. केशलेवाड़ा